Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 09-12-2005

Participants : Virendra Kumar Shri

>

Title : Need to confer'Bharat Ratna' to great educationalist Dr. Sir Harisingh Gaur.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : सभापति महोदय, सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक डाक्टर सर हरीसिंह गौड़ एक महान शिक्षाविद्, दानवीर और कुशल विधिवेत्ता के रूप में जाने जाते हैं। इन्होंने अपने जीवन भर की संचित पूंजी से मध्य प्रदेश के सागर नगर में, सागर विश्वविद्यालय की स्थापना करके, बुंदेलखंड के पिछड़े हुए क्षेत्र को शिक्षा का केंद्र बनाने में अभूतपूर्व योगदान दिया था। आज सागर की पहचान सागर विश्व विद्यालय के कारण होती है। सारे मध्य प्रदेश में यह विश्व विद्यालय सबसे बड़े विश्व विद्यालय के रूप में जाना जाता है। सागर के नागरिकों के द्वारा, बुंदेल क्षेत्र के नागरिकों के द्वारा विश्व विद्यालय के प्रोफेसर्स, स्टेट के द्वारा लंबे समय से डाक्टर सर हरीसिंह गौड़ को भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित करने की मांग उठाई जा रही है। इस संबंध में विश्व विद्यालय की कार्य परिद ने भी प्रस्ताव पारित करके केंद्रीय शासन को भेजा है। अतः मेरा आपके माध्यम से केंद्र सरकार से अनुरोध है कि डाक्टर सर हरीसिंह गौड़ को भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित करने का सहयोग करें।